आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–25 अगस्त 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने गगनयान मिशन के लिए पैराशूट आधारित पहले एकीकृत एयर ड्रॉप टेस्ट–आईएडीटी–वन का किया सफल परीक्षण। अभियान के लिए चुने गए अंतरिक्ष यात्रियों के सम्मान समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा–भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में पूरी दुनिया को दिखाई है अपनी ताकत।
- आज अपने गृह शहर लखनऊ आ रहे हैं भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला । प्रदेश सरकार और लखनऊ नगरवासियों की ओर से की गई है भव्य स्वागत की तैयारी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुभांशु शुक्ला का किया जाएगा नागरिक अभिनंदन।
- मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में दस करोड़ की लागत वाली विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। प्रत्येक विकास परियोजना के लिए नोडल अधिकारी बनाने का दिया निर्देश।
- लगातार बारिश से कई जिलों में जनजीवन प्रभावित। बाढ़ प्रभावित इलाकों में बरती जा रही है विशेष सतर्कता।

**********

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने गगनयान मिशन के लिए पैराशूट आधारित पहले एकीकृत एयर ड्रॉप टेस्ट–आईएडीटी–वन का कल परीक्षण किया। यह महत्वपूर्ण अभ्यास अंतरिक्ष यात्रियों को पैराशूट के जरिये सफलतापूर्वक उतारने से संबंधित है। यह परीक्षण इसरो, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन, वायु सेना, नौसेना तथा तट रक्षक बल के संयुक्त प्रयासों से किया गया। एक रिपोर्ट–

**इसरो द्वारा इंटीग्रेटेड एयरड्राप सिस्टम का परीक्षण सफल रहा। चिनूक हेलीकॉप्टर द्वारा क्रू मॉडल को ऊपर ले जाकर रिलीज किया गया। क्रू मॉडल जो गगनयान का अहम हिस्सा है और जहां गगनयानी बैठने की व्यवस्था है उसे समुद्र पर धीरे से पैराशूट की मदद से उतरा गया। गगनयान कार्यक्रम के अंतर्गत गगनयानियों को अंतरिक्ष ले जाया जाएगा और उन्हें वापस लाया जाएगा। इसके लिए पहले इसरो दिसंबर में गगनयानियों के बगैर अंतरिक्ष में क्रू मॉडल भेजेगा और 2028 में गगनयानियों को अंतरिक्ष भेजेगा। सुधींद्र आकाशवाणी समाचार बेंगलुरु।**

कल ही भारत के पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष यान अभियान गगनयान के लिए चुने गए चार अंतरिक्ष यात्रियों– शुभांशु शुक्ला, प्रशांत बालकृष्णन नायर, अजीत कृष्णन और अंगद प्रताप को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में सम्मानित भी किया गया। सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत केवल उपग्रह अंतरिक्ष में नहीं भेज रहा, बल्कि भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में पूरी दुनिया को अपनी ताकत दिखाई है। उन्होंने कहा कि देश ने चंद्रमा से लेकर मंगल तक अपनी उपस्थिति पहले ही दर्ज करा दी है।

**चंद्रयान से लेकर मंगलयान तक हमने यह सिद्ध किया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद इच्छा शक्ति यदि असीमित हो लक्ष्य हमारे सामने स्वाभाविक रूप से छोटा पड़ जाता है। भारत का विजन स्पष्ट है। भारत इस देश को केवल रिसर्च के क्षेत्र के रूप में नहीं देखा है, बल्कि हम इसे आने वाले कल की इकोनॉमी, सिक्योरिटी, एनर्जी और ह्यूमेनिटी के फ्यूचर के रूप में भी देखते हैं।**

इस अवसर पर लखनऊ निवासी भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने एक्सिओम मिशन के अपने अनुभव साझा किये।

**यह जो मिशन है। यह हमारे देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि भारत अपनी जर्नी पर है। ह्यूमन स्पेस लाइफ मिशन की, मिशन गगनयान, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और अंततः लैंडिंग ऑन मून है। इस मिशन से जो कुछ भी सीख हमें प्राप्त हुई है, मुझे लगता है वो बहुत ही यूनिक है और बहुत ही क्रिटिकल है  हमारे मिशन को एग्जीक्यूट करने के लिए और अगले कुछ महीनो में, सालों में यह कोशिश रहेगी कि जो कुछ भी हमने सीखा है, वो हम इफेक्टिवली अपने मिशन में यूज कर पाएं।**

**********

भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला आज अपने गृह शहर लखनऊ आ रहे हैं। प्रदेश सरकार और लखनऊ नगरवासियों ने उनके स्वागत के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। लखनऊ नगर निगम की महापौर सुषमा खर्कवाल नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ हवाई अड्डे पर शुभांशु शुक्ला का स्वागत करेंगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी मौजूद रहेंगे। अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला शाम को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात भी करेंगे। विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा उनका नागरिक सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक मौजूद रहेंगे। एक रिपोर्ट–

**लखनऊ के लाल शुभांशु शुक्ला का अमौसी हवाई अड्डे पर शानदार स्वागत किया जाएगा। उनके स्वागत के लिए पिता शंभू दयाल शुक्ला माता आशा शुक्ला और दोनों बड़ी बहनों सहित परिवार के निकट संबंधी मौजूद रहेंगे। शुभांशु खुली जीप में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए विक्ट्री परेड निकालेगें। यह विक्ट्री परेड सिटी मांटेसरी स्कूल की गोमती गोमती नगर विस्तार शाखा पर जाकर खत्म होगी। इसके बाद शुभांशु स्कूली बच्चों से संवाद करेंगे और उनके सवालों के जवाब देंगे। मुमताज अली, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ**

शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ला और उनकी माता आशा शुक्ला बेटे के स्वागत को लेकर बेहद उत्साहित है।

**बहुत अच्छी बात है कि प्रदेश की जनता इतना आशीर्वाद दे रही है। हमारे लिए बड़ी गौरव की बात है पूरी देश की जनता का सबका आशीर्वाद मिला है दुआएं मिली हैं और ये हमारे लिए गौरव की बात है बड़ी खुशी की बात होती है मतलब हमारे बच्चों को इतना आशीर्वाद इतनी दुआएं मिलती हैं।**

**अच्छी बात है ये सबको जोश है कि हां शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जो गये थे वापस आ रहे हैं सब बहुत खुश है। पूरी जनता खुश है। पूरे मोहल्ले वाले हमारे बहुत खुश है।**

शुभांशु शुक्ला हाल ही में एक्सिओम–फोर मिशन पूरा कर भारत लौटे हैं। वह अतंर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने वाले देश के पहले अंतरिक्ष यात्री है। मिशन के दौरान उन्होंने साठ से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोग किये।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर के एनेक्सी भवन सभागार में जिले की दस करोड़ से अधिक के लागत वाले विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने इंसेफेलाइटिस और डेंगू जैसे संचारी रोगों से बचाव के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक विकास परियोजना को तय समय सीमा में पूरा करने को कहा। उन्होंने प्रत्येक परियोजना की निगरानी के लिए एक नोडल अधिकारी बनाने का निर्देश भी दिया।

इससे पहले, उन्होंने गोरखपुर के पैडलेगंज स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में गुरुग्रंथ साहिब के चार सौ इक्कीसवें प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पर्यटन विकास कार्य और गुरुद्वारा भवन के नये स्वरूप सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार का लोकार्पण किया।

कल सुबह मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के कोने–कोने से आए लगभग 200 लोगों की समस्याओं को सुना और उसके समुचित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

**********

प्रदेश के विभिन्न जिलों में रुक–रुक कर बारिश का क्रम जारी है। बदायूं जिले में मूसलाधार बारिश के कारण कल शहर और मुख्य मार्गों पर जलभराव की स्थिति बन गई। वहीं, बारिश और जलभराव को देखते हुए जौनपुर जिले में वहां के जिलाधिकारी के निर्देश पर आज कक्षा एक से आठ तक के सभी विद्यालय बंद रहेंगे।

बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण बदायूं और फर्रुखाबाद में गंगा तथा बाराबंकी और बलिया में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। महोबा जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर उर्मिल बांध के पांच फाटक खोल कर अतिरिक्त पानी को उर्मिल नदी में छोड़ दिया गया। हालात को देखते हुए नजदीकी गांवों में बाढ़ के प्रति अलर्ट जारी किया गया है।

चंदौली में लगातार बारिश की वजह से बंधों को टूटने से रोकने के लिये हजारों क्यूसेक पानी को नदियों में छोड़ा जा रहा है । वहां के जिलाधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग ने बाढ़ ग्रस्त इलाकों का दौरा कर प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और उन्हें भोजन एवं अन्य जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिये।

**जनपद चंदौली में पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश के कारण चंदप्रभा डैम से करीब 10,000 क्यूसिक पानी छोड़ा गया है और नौगर डैम से करीब 25,000 क्यूसिक पानी छोड़ा गया है जिसके कारण से जनपद के करीब 15 गांव प्रभावित हुए हैं**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य और राजसदन अयोध्या के मुखिया विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र के देहावसान पर दुख व्यक्त किया। सोशल मीडिया पर अपने शोक संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र का जीवन धार्मिक और सामाजिक कार्यों को समर्पित रहा।

तेईस अगस्त की रात में पचहत्तर वर्षीय विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र का अयोध्या में निधन हो गया था। कल सरयू तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

**********